त्रों में जमा पानी में डेंगू व मलेरिया फैलाने मलेरिया विभाग की टीम ने लगभग 700 रहे लार्वा को नष्ट करने के लिए दवा का

ऐसे में स्टाफ की कमी की वजह से दिन में भी परेशानी वाली स्थिति सामने आ सकती है।



चाहिए। डोनर से प्लेटलेट्स लेने के छह घंटे तक इसका प्रयोग किया जाता है। ऐसे में टेस्ट के मामले में अधिक देर नहीं लगनी चाहिए। –डा. जसवंत सिंह, लैब स्पेशलिस्ट, ईएसआइ मेडिकल कालेज।



दूर किया जाएगा, ताकि प्लेटलेट्स की जरूरत पड़ने पर मशीन का सदुपयोग किया जा सके और मरीजों को परेशानी न हो। –डा. सविता यादव, मुख्य चिकित्सा अधिकारी।



पड़ने पर वहां टेस्ट करवा सकते हैं। हमारी सेपरेटर मशीन चालू हालत में है। बहुत सा स्टाफ आन काल ड्यूटी पर रहता है। आपात स्थिति में आन काल स्टाफ को बुलवाया जाता है। –डा. रामभगत, जिला मलेरिया अधिकारी।

## जाएगा शिफ्ट

मामले की जांच की बाबत बृहस्पतिवार को जब चांदपुर पुलिस चौकी के इंचार्ज कृष्णमोहन दहिया से बात की गई तो उनका कहना है कि मोबाइल को जांच के लिए गुरुग्राम फोरेंसिक लैब में भेज दिया गया। फोरेंसिक लैब में जांच के बाद जो रिपोर्ट आएगी, उसी के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

यह मामला सामने आने के बाद गांव चांदपुर के सरपंच सूरजपाल भूरा भी पुलिस के साथ मिशनरी पहुंचे और बच्चियों से बात की। उधर इस मामले में बाल कल्याण समिति के चेयरमैन श्रीपाल करहाना ने बताया कि यह आरोप बेहद गंभीर हैं और हम इस मामले में चुप्पी नहीं साध सकते। बच्चियों को दूसरी जगह शिफ्ट किए जाने की योजना पर हम काम कर रहे हैं। जल्द फैसला लिया जाएगा।

## लाइन पर काम करते समय करंट से कर्मचारी की मौत

जासं, बल्लभगढ़: ऊंचा गांव में बिजली की लाइन पर काम करते समय करंट से सहायक लाइन मैन की मौत हो गई। आदर्श नगर थाना पुलिस ने बताया कि गुरुग्राम के टैंठड गांव निवासी मनोज आउटसोर्स पर सहायक लाइनमैन लगा था। उसकी ड्यूटी ऊंचा गांव के बिजली निगम कार्यालय में लगी हुई थी।

बृहस्पतिवार को ऊंचा गांव में लाइन पर काम करते समय करंट से मनोज झुलस गया। उसे सेक्टर-आठ के निजी अस्पताल ले गए, वहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। कर्मियों ने अस्पताल पहुंचकर प्रदर्शन किया। डीएचबीवीएन के अधीक्षक अभियंता जितेंद्र हुल का कहना है कि मनोज कर्मचारी नहीं बिजली विभाग परिवार का सदस्य है। विभाग और सरकार के नियमानुसार जो आर्थिक सहायता होगी, वो उसके परिवार को दी जाएगी। मामले की जांच होगी कि लापरवाही किस स्तर पर हुई, उसी के आधार पर कार्रवाई होगी।

# केजीपी पर ट्रक की टक्कर से टेंपो चालक की मौत

जागरण संवाददाता, बल्लभगढ़: कुंडली-गाजियाबाद-पलवल (केजीपी) एक्सप्रेस-वे पर आगे खड़े वाहन चालक की लापरवाही से छोटे टेंपो चालक की मौत हो गई। यदि चालक ने वाहन के खड़े होने के संकेत खड़े किए होते और पार्किंग लाइट जलाई हुई होती तो उसकी मौत नहीं होती। गांव नेकपुर जिला कन्नौज उत्तर प्रदेश के रहने वाले पंकज ने बताया कि उसका फुफेरा भाई 30 वर्षीय अविनाश उर्फ रवि निवासी गांव खानपुर चौबे जिला कन्नौज एक डिटर्जेंट केमिकल फैक्ट्री का टेंपो चलाता था।



रवि • फाइल फोटो सौ. स्वजन

सात अगस्त की रात को वह बावल हरियाणा किसी फैक्ट्री में माल छोड़ कर वापस आ रहा था। छांयसा के पास टोल पर रात को किसी ने अपना कोई खड़ा किया हुआ था। इस वाहन की न तो चालक ने पार्किंग लाइट जलाई हुई थी और न होने खड़े होने के रिफलेक्टर संकेत लगाए हुए थे। रात को उसका टेंपो वाहन के पिछले भाग से टकरा गया। इस घटना में टेंपों का अगला भाग क्षतिग्रस्त हो गया और अविनाश की मृत्यु हो गई। दुर्घटना के बाद चालक अपने वाहन को लेकर भाग गया।

इसके बारे में उन्हें थाना छांयसा पुलिस ने सूचना दी। थाना प्रभारी रणवीर सिंह का कहना है कि उन्होंने मृतक के ममेरे भाई पंकज की शिकायत पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ लापरवाही के आरोप में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मृतक का बादशाह खान अस्पताल में पोस्टमार्टम कराने के बाद शव स्वजन को सौंप दिया है।

# क इंजीनियर को नोटिस

- खल क्षेत्र की 160 करोड़ रुपये की ज सिस्टम का वर्क आर्डर समय जारी न करने से जुड़ा है मामला
- न्यू टाउन की सीवर लाइन रहती हैं जाम, सड़कों पर खड़ा रहता है पानी, आम जनमासन होता है परेशान

मैं अपने क्षेत्र के विकास के प्रति प्रतिबद्ध हूं। जनता की प्रतिनिधि हूं और अपने दायित्वों को पूरी तरह निभाऊंगी। स्थानीय मंत्री ने जो आदेश दिए हैं, मुझे जानकारी नहीं है, पर किसी को के हितों से खिलवाड़ करने का अधिकार नहीं है। मैंने सीएम से सिस्टम शुरू करने के लिए 31 अगस्त को निमंत्रण दिया है। म अब सिरे चढ़ने जा रहा है। –सीमा त्रिखा, शिक्षा मंत्री व



ा है कि इसमें तीन योग्य थी और अयोग्य। अधिकारियों पर आरोप है अयोग्य थी, उसे भी योग्य घोषित दया। इन कारणों से वर्क आर्डर का लटक गया और ड्रेनेज सिस्टम का काम भी ठप हो गया। इसी की शुरुआत में प्रदेश सरकार में ल हो गया और मुख्यमंत्री मनोहर की जगह कमान नायब सिंह सैनी में आ गई, उसके बाद लोकसभा के कारण आचार संहिता लग गई। चुनाव के बाद प्रदेश सरकार फिर से सक्रिय हुई तो सारी जानकारी सीएम नायब सिंह सैनी के समक्ष लाई गई, जिसके बाद अब अधिकारियों पर गाज गिरी है। स्थानीय निकाय मंत्री सुभाष सुधा के अनुसार इस प्रकरण में कार्यकारी अभियंता ओमदत्त व मुख्य अभियंता ने सरकार को गुमराह करने का काम किया है। इसी वजह से यह कार्रवाई की गई है। मुख्य अभियंता से इस बाबत जवाब मांगा गया है। अगर जवाब संतोष जनक नहीं हुआ तो उनके खिलाफ भी कार्रवाई होगी।


**Pt. L. R. College of Technology**

Approved by AICTE & Affiliated to M.D University, Rohtak
Village-Kaboolpur, Sohna Samaypur Road, Faridabad 121004, Haryana
Email: ptlrct@gmail.com, website: www.plrct.com
Ph.9540028827, 9540028828

*Application are invited for the following positions on regular basis:*

**Teaching Post for B.Tech, M.Tech, BBA, BCA:**

Principal - 01
Professor - 01 each (ME, CSE, EE, ECE & Civil)
Associate Prof. - 02 each (ME, CSE, EE, ECE & Civil)
Assistant Prof. - 05 each (ME, CSE, EE, ECE & Civil)
BBA :-
Associate Prof. - 02, Assistant Prof - 04
BCA :-
Associate Prof. - 02, Assistant Prof - 04

**Non-Teaching Post**

Registrar, Administrator Officer, Accountant, Librarian, Assistant & Data Entry Operator, Training & Placement Officer, Drivers, Plumber & Welder

Wualifications, Pay Scales, Experience as per AICTE/UGC/STATE GOVT/MDU Rohtak norms.

Interested candidates may download the application form from the website of the college www.plrct.com or obtain from the office of the college on any working day & send application form to the Chairman of the institute duly completed along with visible copy of all testimonials (DMCs), Experience certificate etc. by Registered post, email or by hand within 21 days from the date of publication of advertisement. It is also mandatory to submit a copy of application form along with all testimonials to the DCDC, M D University, Rohtak.

Chairman


DAINIK JAGRAN 09.08.24